प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 19 फरवरी, 2014

-कसडोल विधानसभा एवं बलौदा बाजार जिले के पत्रकारों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

-विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भेंट की

- कसडोल विधानसभा क्षेत्र एवं बलौदा बाजार जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों ने आज विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया। कार्यवाही अवलोकन पश्चात् उन्होने विधानसभापरिसर में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह से भेंट की। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री शिवरतन शर्मा एवं विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने उद्‍बोधन में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि-विधानसभा प्रदेश की सर्वोच्च पंचायत होती है। विधानसभा में अध्यक्षीय दीर्घा, अधिकारी दीर्घा एवं दर्शकदीर्घा के साथ पत्रकार दीर्घा भी होती है। जहां सभी प्रमुख समाचारपत्रों एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि बैठकर सभा की कार्यवाही की रिपोर्टिंग करते हैं। सभा की कार्यवाही की सही तसवीर जनता तक पहुंचे इसकी जिम्मेदारी पत्रकारों की होती है। कभी-कभी स माचार पत्र सभा के हंगामे एवं शोर शराबे को ज्यादा प्रमुखता सेप्रकाशित करते हैं, जबकि सभा में ऐसी कार्यवाही बहुत कम समय केलिए होती है। उन्होने कहा कि-प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण का काल सबसे महत्वपूर्ण काल होता है एवं मान. स दस्य अपने क्षेत्र की जनसमस्याओं को इस काल में प्रमुखता से उठाकर शासन की जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं।

इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा ने कहा कि-विधानसभा की कार्यवाही 50 से 55 दिनों तक चलती है लेकिन वर्ष भर सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा में 18 समितियां कार्य करती है। उन्होंने कहा कि-पत्रकारों को सभा की कार्यवाही को समाचार पत्रों में हु-ब-हू स्वरूप में प्रकाशित करना चाहिए जिससे सभा की कार्यवाही की सही तस्वीर आम जनता तक पंहुचे।